भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3030

दिनांक 04/08/2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

जेजेएम के अंतर्गत नल जल कनेक्शन

3030. श्री जगन्नाथ सरकार:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न राज्यों में घरों की संख्या कितनी है, जहां जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत जिला-वार नल के पानी के कनेक्शन दिए गए हैं, ताकि उन्हें सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके;
(ख) अगले दो वर्षों के दौरान उक्त योजना के तहत प्रदान किए जाने वाले संभावित कनेक्शनों की संख्या कितनी है; और
(ग) उक्त मिशन के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में आबंटित राशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): अगस्त 2019 से, पश्चिम बंगाल सहित राज्यों की भागीदारी से जल जीवन मिशन (जेजेएम) का कार्यान्वयन किया जा रहा है ताकि वर्ष 2024 तक देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार हेतु पीने योग्य नल जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा सके।

जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, 3.23 करोड़ परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना दी गई थी। अब तक, पिछले 35 महीनों में, पश्चिम बंगाल में 42.85 लाख परिवारों सहित 6.69 करोड़ परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 1 अगस्त, 2022 की स्थिति के अनुसार, देश में 19.11 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से, लगभग 9.92 करोड़ (51.93%) परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति उपलब्ध होने की सूचना है और शेष 9.19 करोड़ ग्रामीण परिवारों को 2024 तक कवर किए जाने की योजना है। राज्यों/संघ

राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन आदि की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, जिला और गांव-वार स्थिति पब्लिक डोमेन में है और जेजेएम डैशबोर्ड के निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:

https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMIndia.aspx

(ग): इस विभाग द्वारा जिला-वार निधि आबंटन नहीं किया जाता है और न ही इसका ब्यौरा रखा जाता है। तथापि, वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 और 2022-23 (01.08.2022 की स्थिति के अनुसार) जल जीवन मिशन के अंतर्गत आबंटित केन्द्रीय निधि, पश्चिम बंगाल राज्य द्वारा निधि आहरण और सूचित निधि उपयोग का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रु. में)

वर्ष	केन्द्रीय हिस्सा					राज्य हिस्से के तहत व्यय
	अथशेष	आबंटन	राज्य द्वारा आहरित निधि	कुल उपलब्ध निधि	सूचित उपयोग	
2019-20	760.82	995.33	994.75	1,755.57	609.00	445.03
2020-21	1,146.58	1,614.18	807.08	1,953.66	1,196.07	641.17
2021-22	757.58	6,998.97	1,404.61	2,162.19	1,547.52	725.77
2022-23	614.67	6,180.25	एनडी	614.67	63.44	472.81

स्रोत: जेजेएम, आईएमआईएस एनडी: आहरित नहीं

*****